~~~

**SET-1**

**Series KL3MN**

प्रश्न-पत्र कोड **3/3/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

[]

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **15** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **चार** खण्ड हैं – खण्ड **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **10** है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **20** है।*

*(v)* ***खण्ड ग** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **21** है।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में कुल **4** प्रश्न हैं।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, कुछ खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(viii)* *यथासंभव सभी खण्डों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*
~~~

~~~

## खण्ड क

**(अपठित बोध)** *14*

**1.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

20 अगस्त को राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2004 में इस दिवस को मनाने की शुरुआत की गई। इसका मुख्य उद्देश्य अक्षय ऊर्जा के प्रति आम आदमी में जागरूकता फैलाना है। आधुनिकता और भौतिकवाद की अंधी दौड़ में सबसे समझदार जीव कहे जाने वाले इंसानों ने ही प्रकृति को नज़रअंदाज करने का काम किया है। जीवाश्म ईंधन ने रही-सही कसर पूरी कर दी। आम आदमी यदि समझदारी दिखाए तो आधुनिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण को भी बचाया जा सकता है।

वास्तव में हमें अक्षय ऊर्जा का अर्थ समझना होगा। यह अक्षय इसलिए है, क्योंकि इसे तैयार करने के क्रम में स्रोत का क्षय नहीं होता, बल्कि उसका नवीनीकरण होता रहता है। यह ऊर्जा पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालती क्योंकि इसे तैयार करने के क्रम में प्रदूषण नहीं फैलता। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल-विद्युत ऊर्जा, ज्वार-भाटा से प्राप्त ऊर्जा, बायोगैस, जैव ईंधन आदि अक्षय ऊर्जा के ही कुछ उदाहरण हैं। हमारा देश प्राकृतिक संपदाओं से संपन्न है इसलिए अक्षय ऊर्जा के प्रति यदि गंभीरता से काम किया जाए तो हम इस ऊर्जा को पाने की दिशा में सबसे आगे रहेंगे। इसके लिए ज़रूरी है कि प्राकृतिक संपदाओं का अनियोजित दोहन रोका जाए। आम लोगों को इसके प्रयोग के लिए जागरूक और प्रोत्साहित किया जाए।

इसमें दो राय नहीं कि भारत में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। हम अक्षय ऊर्जा पाने की ओर ठोस कदम बढ़ा रहे हैं। भारत गाँवों का देश है। अक्षय ऊर्जा के प्रयोग से गाँवों की ऊर्जा संबंधी समस्याओं को सुलझाया जा सकता है। अक्षय ऊर्जा देश के लिए एक अच्छा विकल्प बन सकता है। जल्द ही भारत अक्षय ऊर्जा के उत्पादन के मामले में दुनिया में सिरमौर देश सिद्ध होगा।
~~~

(i) अक्षय ऊर्जा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य क्या है ? *1*

(A) सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना

(B) अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाना

(C) बिजली की खपत के प्रयोग को कम करना

(D) जीवाश्म ईंधन के उत्पादन को बढ़ाना

(ii) गद्यांश के अनुसार अक्षय ऊर्जा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? *1*

(A) अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जाता है।

(B) अक्षय ऊर्जा का क्षय न होकर नवीनीकरण होता रहता है।

(C) अक्षय ऊर्जा का स्रोत सीमित है और शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा।

(D) अक्षय ऊर्जा केवल सौर ऊर्जा को संदर्भित करती है।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : अक्षय ऊर्जा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालती।

*कारण* : यह प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न होती है और प्रदूषण नहीं फैलाती।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, किंतु कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) हमारे देश में अक्षय ऊर्जा के प्रयोग पर बल देने के प्रमुख कारण लिखिए। *2*

(v) अक्षय ऊर्जा के उपयोग से भारत को भविष्य में क्या लाभ होगा ? *2*

**2.** निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

आदमी हो, स्नेह-बाती बन नया दीपक जलाना।
दर्द की परछाइयों के दानवी बंधन हटाना।
छटपटाती ज़िंदगी को चेतना संगीत देना।
विश्व को नवपंथ देना; हारते को जीत देना।

आदमी हो, बुझ रहे ईमान को विश्वास देना।
मुस्कुराकर वाटिका में मधुभरा मधुमास देना।
शूल के बदले जगत को फूल की सौगात देना।
जो पिछड़ता हो उसे नवशक्ति देना, साथ देना।

आदमी हो, डूबते मँझधार में पतवार देना।
थक चला विश्वास साथी, आस्था आधार देना।
क्रांति का संदेश देकर राह युग की मोड़ देना।
फिर नया मानव बनाना, रूढ़ियों को तोड़ देना।

आदमी हो, द्वेष के तूफ़ान को हँसकर मिटाना।
कंठ-भर विषपान करना, किंतु सबको प्यार देना।
मेटना मजबूरियों को; दीन को आधार देना।
खाइयों को पाटना; बिछुड़े दिलों को जोड़ देना।

(i) काव्यांश में ‘आदमी हो’ की पुनरावृत्ति क्यों की गई है ? इस प्रश्न के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. मानवोचित काम करने का आग्रह करने के लिए

II. पिछड़े हुए व्यक्तियों को नवशक्ति देने के लिए

III. रूढ़ियों को तोड़ देने के लिए

IV. आदमी होने की याद दिलाने के लिए

**विकल्प :**

(A) कथन I सही है।

(B) कथन I और II सही हैं।

(C) कथन I, II और III सही हैं।

(D) कथन I, II, III और IV सही हैं।

(ii) ‘शूल के बदले फूल देना’ का आशय है : *1*

(A) मिटते ईमान को विश्वास देना

(B) दुर्बल को नई शक्ति देना

(C) दुखों के बदले सुख देना

(D) जीवन को आनंद से भर देना

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : जो पिछड़ता हो उसे नवशक्ति देना, साथ देना।

*कारण* : जीवन में किसी भी कारण से पिछड़ा व्यक्ति हताश हो जाता है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही हैं, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(iv) काव्यांश के अनुसार रूढ़ियों और क्रांति में मानव क्या परिवर्तन ला सकता है ? *2*

(v) आदमी होने के नाते द्वेष करने वालों के प्रति क्या कर्त्तव्य होने चाहिए ? *2*

## खण्ड ख

### (व्यावहारिक व्याकरण) *16*

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) कहानी यह कहती है कि बड़े ही नहीं बच्चे भी इसमें शामिल हैं। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

(ii) एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। (आश्रित उपवाक्य और उसका भेद भी पहचानकर लिखिए)

(iii) झूरी के दोनों बैलों को गया के घर मजबूरन जाना पड़ा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(iv) शिक्षक के आते ही पूरी कक्षा कविता का सस्वर पाठ करने लगी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(v) जब बच्चे समय पर घर नहीं पहुँचे तब अभिभावक चिंतित हो उठे। (सरल वाक्य में बदलिए)

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) मुझसे अच्छी तरह सोया नहीं गया। (वाच्य को पहचानकर उसका भेद लिखिए)

(ii) वह सुंदर चित्र बनाता है। (वाच्य को पहचानकर उसका भेद लिखिए)

(iii) मुझसे उसका हाल सुना नहीं गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(iv) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(v) तुम क्यों नहीं उठे ? (भाववाच्य में बदलिए)

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : *4×1=4*

(i) नैतिक बहुत तेज़ दौड़ता है।

(ii) नवाब साहब खीरों को जतन से छीलकर सुखाकर रख रहे थे।

(iii) तुम्हारी ईमानदारी प्रशंसा के योग्य है।

(iv) मन्नू भंडारी अपने माता-पिता की पाँचवीं संतान थी।

(v) शाबाश ! तुमने अपना वादा पूरा कर दिखाया।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) अतिशयोक्ति अलंकार का एक उपयुक्त उदाहरण लिखिए।

(ii) उपमा अलंकार का एक उपयुक्त उदाहरण लिखिए।

(iii) 'राम कृपा बल पाई कपिंदा
भए पच्छजुत मनहुँ गिरिंदा।' — काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(iv) 'उदित उदयगिरि मंच पर, रघुवर बाल पतंग' — काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(v) 'सागर के ऊपर नाच-नाच
करती हैं लहरें मधुर गान' — काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

## खण्ड ग

**(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)** *30*

**7.** निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

नाथ संभुधनु भंजनिहारा, होइहि केउ एक दास तुम्हारा ।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही । सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही ।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई । अरिकरनी करि करिअ लराई ।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा । सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा । न त मारे जैहहिं सब राजा ।।
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने । बोले परसुधरहि अवमाने ।।
बहु धनुही तोरी लरिकाईं । कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं ।।
येहि धनु पर ममता केहि हेतू । सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू ।।

(i) राम ने शिव धनुष तोड़ने वाले को क्या कहा है ?

(A) शिव का भक्त

(B) शिव का दास

(C) परशुराम का दास

(D) विश्वामित्र का शिष्य

(ii) परशुराम के अनुसार शिव धनुष तोड़ने वाला उनके लिए किसके समान है ? इस कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए :

I. शत्रु के समान

II. सहस्रबाहु के समान

III. सेवक के समान

**विकल्प :**

(A) केवल I और II सही हैं।

(B) केवल II और III सही हैं।

(C) केवल I और III सही हैं।

(D) I, II और III तीनों सही हैं।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : परशुराम के अहंकारपूर्ण वचनों को सुनकर लक्ष्मण मुस्कुराने लगे।

*कारण* : उन्होंने बचपन से ही बहुत से धनुष तोड़े हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(iv) इस काव्यांश के आधार पर लक्ष्मण की वाणी किस प्रकार की थी ?

(A) कटु

(B) व्यंग्यपूर्ण

(C) गंभीर

(D) विनोदप्रिय

(v) परशुराम सभा में मौजूद राजाओं से क्या कह रहे हैं ?

(A) शत्रु को उनके सामने उपस्थित कर दें।

(B) दोषी स्वयं ही सभा से अलग हो जाए।

(C) सभी राजा सभा से अलग हो जाएँ।

(D) सभी राजा इसके लिए दोषी हैं।

8. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) योग-संदेश पाकर गोपियों की क्या मनोदशा हुई ? उनकी भावनाओं को दो बिंदुओं में लिखिए।

(ii) बच्चे की मुस्कान और छवियों को कवि ने किन-किन बिंबों में व्यक्त किया है ? किन्हीं दो बिंबों का वर्णन कीजिए।

(iii) 'संगतकार' कविता के संदर्भ में लिखिए की संगतकार जैसे व्यक्तियों के व्यक्तित्व से युवाओं को क्या प्रेरणा मिलती है। किन्हीं दो का वर्णन कीजिए।

(iv) फागुन की मनोहारिता मनुष्य के मन पर क्या प्रभाव डालती है ? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए।

9. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

गाड़ी छूट रही थी। सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गए। अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताजे-चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया। सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे-जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों।

नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया। हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं।

ठाली बैठे, कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है। नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान करने लगे। संभव है, नवाब साहब ने बिलकुल अकेले यात्रा कर सकने के अनुमान में किफ़ायत के विचार से सेकंड क्लास का टिकट खरीद लिया हो और अब गवारा न हो कि शहर का कोई सफ़ेदपोश उन्हें मँझले दर्जे में सफ़र करता देखे।

(i) लेखक के अनुसार नवाब साहब की आँखों में असंतोष का भाव क्यों दिखाई दे रहा था ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए :

I. एकांत चिंतन में विघ्न पड़ने के कारण

II. कहानी के लिए उपयुक्त कथानक नहीं मिलने के कारण

III. खीरे जैसी साधारण वस्तु के साथ देखे जाने के कारण

**विकल्प :**

(A) I, II और III तीनों सही हैं।

(B) I, II और III तीनों ग़लत हैं।

(C) I और II दोनों सही हैं।

(D) I और III दोनों सही हैं।

(ii) नवाब साहब के व्यवहार से उनकी किस प्रवृत्ति का परिचय मिलता है ?

(A) सादगी और सहजता

(B) मित्रवत व्यवहार और अपनापन

(C) अपरिचितों पर संदेह

(D) दिखावा और संकोच

(iii) प्रस्तुत गद्यांश में लेखक के व्यक्तित्व की कौन-सी विशेषताएँ दिखाई देती हैं ?

(A) आक्रामक और क्रोधी

(B) उदासीन और तटस्थ

(C) निराश और क्षुब्ध

(D) आलोचनात्मक और कल्पनाशील

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : लेखक ने नवाब साहब से अपनी नज़रें चुरा लीं और दूसरी ओर देखने लगा।

*कारण* : नवाब साहब के व्यवहार के कारण अपने आत्मसम्मान को निबाहने के लिए उसने ऐसा किया।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(v) 'आत्मसम्मान में आँखें चुराना' से क्या अभिप्राय है ?

(A) स्वाभिमान का निर्वाह करने के लिए आँखें हटाना

(B) स्वयं के संतोष के लिए दृष्टि हटाना

(C) आत्मा के सम्मान के लिए आँखें झुकाना

(D) सामने वाले के सम्मान के लिए आँखें झुकाना

**10.** निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में हालदार साहब को क्या देखकर 'दुर्दमनीय कौतूहल' हुआ और उन्होंने उसके लिए क्या किया ?

(ii) 'एक कहानी यह भी' पाठ से उद्धृत कथन 'पिताजी को इस बात का बिलकुल भी अहसास नहीं था कि इन दोनों का तो रास्ता ही टकराहट का है' – में किन 'दो रास्तों' के बीच टकराहट की बात की जा रही है ?

(iii) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर लिखिए कि एक सच्चे कलाकार को किन बातों पर ध्यान देना चाहिए और किन पर नहीं ?

(iv) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत के स्वरूप पर टिप्पणी लिखिए।

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(i) 'बच्चों के खेलों में सामाजिक परिवेश का प्रभाव दिखाई देता है' – 'माता का अँचल' पाठ के संदर्भ में इस कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए।

(ii) 'साना-साना हाथ जोड़ि ...' पाठ में वर्णित किन दो दृश्यों ने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया है ? उनसे प्रभावित होने का कारण भी लिखिए।

(iii) 'अज्ञेय' के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति लेखन में कहीं अधिक मदद करती है। क्यों ? आप लेखन में अनुभव और अनुभूति में से किसे अधिक महत्त्व देना चाहेंगे ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए।

## खण्ड घ

## (रचनात्मक लेखन) *20*

**12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *6*

(i) प्रकृति की रक्षा : अपनी सुरक्षा

- प्रकृति और मनुष्य का संबंध
- प्रकृति के साथ खिलवाड़ के उदाहरण
- प्रकृति की रक्षा के उपाय

(ii) हमारे बुज़ुर्ग : हमारा सम्मान

- समाज में बुज़ुर्गों की वर्तमान स्थिति
- अनुभवों का खजाना
- बुज़ुर्गों के प्रति कर्त्तव्य

(iii) बढ़ते साइबर अपराध

- अर्थ और प्रकार
- कारण
- रोकथाम के उपाय

**13.** (i) आप गगनदीप सिंह/गगनदीप कौर हैं। आपकी माँ कार्यालय के काम से कुछ दिनों के लिए दूसरे शहर गईं हैं और उनकी अनुपस्थिति में आपको घर की व्यवस्था सँभालनी पड़ रही है। अपने अनुभव और कठिनाइयों को व्यक्त करते हुए उन्हें 100 शब्दों में पत्र लिखिए। *5*

**अथवा**

(ii) आप गगनदीप सिंह/गगनदीप कौर हैं। सार्वजनिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन देते हुए तथा इसके उपयोग के पक्ष में पर्याप्त तर्क देते हुए 'दैनिक हिंदी' अख़बार के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। *5*

**14.** (i) आपका नाम राधिका/राघव है और आप जिस क्षेत्र में रहते हैं वहाँ आपराधिक घटनाएँ बढ़ रही हैं। अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखकर समस्याओं से अवगत कराते हुए सहायता का अनुरोध कीजिए। *5*

**अथवा**

(ii) आपका नाम समीर/समायरा है। अ.ब.स. विश्वविद्यालय से आपने जर्मनी भाषा में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। क.ख.ग. शिक्षण संस्थान में जर्मन-शिक्षक पद के लिए आवेदन करने हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। *5*

**15.** (i) 'अंगदान है महादान' – विषय पर एक जनहितकारी आकर्षक विज्ञापन लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। *4*

**अथवा**

(ii) आपकी माताजी अपने कार्यालय में 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी' चुनी गई हैं। उन्हें लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। *4*